


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-26 सीहोर, मंगलवार 11 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## डीएमके सांसद पर भड़क उठे लोकसभा अध्यक्ष बिरला, आपको सदन से बाहर करता हूं



### स्पीकर ने रिजिजू से कहा कि इस मुद्दे पर प्रस्ताव लाइए

नई दिल्ली,(ए.)। संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुवात हो चुकी है। सोमवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला विपक्ष के एक सांसद पर भड़क उठे। उन्होंने सांसद को चेतावनी दी कि सदन मर्यादा से चलेगा। विपक्ष के साथ लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने केंद्र सरकार को भी सुनाया। लोकसभा स्पीकर ने संसदीय कार्यमंत्री से कहा सदन में प्रस्ताव लेकर आइए।दरअसल लोकसभा में कार्यवाही के दौरान विपक्ष के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। तभी स्पीकर बिरला ने कहा कि ये व्यवहार ठीक नहीं है। मैं सभी को बोलने का मौका दे रहा हूं। आप लोग अपनी सीट पर बैठिए। तभी डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि वॉकआउट करुंगा। उन्होंने स्पीकर वन साइड-वनसाइड के नारे लगाए।इस पर स्पीकर बिरला भड़क उठे। उन्होंने कहा कि ये रिकॉर्ड में नहीं है। अगर रिकॉर्ड में होता तब मैं आपके खिलाफ कार्रवाई करके सदन से बाहर कर देता। आप अपनी सीट पर जाकर रिकॉर्ड में यही बात बोलिए अभी कार्रवाई करके आपको सदन से बाहर करता हूं।इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू सीट पर खड़े हुए। स्पीकर ने रिजिजू से कहा कि इस मुद्दे पर प्रस्ताव लाइए। संसद की मर्यादा से सदन चलेगा। अगर कोई सदन की मर्यादा का उल्लंघन करता है, तब उस पर कार्रवाई होगी ही होगी.. अगर सरकार प्रस्ताव नहीं लाना चाहती तब मुझे कार्रवाई करनी होगी।

### नशे के खिलाफ अब बरनाला में चला बुलडोजर, दो महिला तस्करों के गिराए गए घर

चंडीगढ़ (आरएनएस)। नशे के खिलाफ पंजाब सरकार का बुलडोजर तेजी से चल रहा है। वहीं, अब बरनाला में दो महिला नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनके घरों पर बुलडोजर चला दिया गया है।बरनाला की रहने वाली इन दोनों महिला तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब 16 केस दर्ज हैं। यह महिलाएं धडल्ले से काफी सालों से नशा तस्करी का काम कर रही थी। जिसके बाद अब पुलिस द्वारा एक्शन लिया गया है। वहीं, पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर उठ रहे सवालों के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराया है।

## मुंडन कराने मैहर जा रहे एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत, 14 घायल



सीधी (ए)। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में भयानक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-39 पर उपनी गांव में हुए हादसे में 8 लोगों की मौत हुई और 14 बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसा तब हुआ जब लोग एक एसयूवी में बैठकर बच्चे के मुंडन के लिए मैहर जा रहे थे। रास्ते में एक ट्रक से आमने-सामने की भिडंत हो गई।

मटिहनी गांव से कार में सवार होकर 22 लोग बच्चों के मुंडन कराने मैहर जा रहे थे। तभी यात्रियों से भरी एसयूवी की टक्कर, ट्रक से हो गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, 7 लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि एक घायल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। हादसे में 14 लोग घायल हो गए।

हादसे में मारे गए सभी लोग साहू परिवार के है, जो देवरी और पंडरिया, बहरी के निवासी बताए गए हैं। मृतकों में 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। तूफान वाहन में कुल 22 लोग सवार थे, जो मटिहानी से मुंडन संस्कार के लिए निकले थे। इस भीषण दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखकर उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने मृतकों को दो-दो लाख रुपए, गंभीर घायलों को एक-एक लाख रुपए और सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए सहायता राशि देने का ऐलान किया।

### मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

#### मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की सहायता देने के निर्देश

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी जिले के उपनी गांव के समीप देर रात सड़क दुर्घटना में आठ श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 2-2 लाख रुपए, गंभीर घायलों को एक-एक लाख एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि देर रात पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों के इलाज का प्रबंध किया और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को रीवा रेफर किया गया है।

### पंजाब में नशा तस्करों के खिलाफ आप सरकार कर रही कड़ी कार्रवाई : प्रियंका कक्कड़

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को कहा कि भाजपा दिल्ली में नशे के कारोबार पर लगाम कसने में नाकाम रही है। राजधानी में ड्रग्स की बढ़ती समस्या से लोग परेशान हैं और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से इसे रोकने की अपील कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद सिर्फ तीन साल में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। राज्य में 30,000 एफआईआर दर्ज हुई, 6,500 तस्कर पकड़े गए, 100 पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया और 10,000 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया। दिल्ली में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जब राजधानी के विभिन्न इलाकों का दौरा करती हैं, तो स्थानीय लोग उन्हें अपनी मुख्य समस्या ड्रग्स बता रहे हैं।उन्होंने कहा कि हाल ही में आरके पुरम के दौरे के दौरान भी स्थानीय लोगों ने नशे के बढ़ते प्रचलन की शिकायत की थी।

## विधानसभा का घेराव करने निकले कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने वाटर कैनन से आगे बढ़ने से रोका

### नेताओं ने कहा-किसानों की बात सुनना नहीं चाहती सरकार



भोपाल (निप्र)। राजधानी भोपाल में कांग्रेस किसान के बैनर तले कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। रंगमहल चौराहे पर प्रदर्शन के बाद विधानसभा का घेराव करने निकले कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने वाटर कैनन से सभी को आगे बढने से रोक लिया। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती। कांग्रेस किसानों के हक के लिए आवाज उठाती है तो वाटर कैनन छोड़ा जाता है, लाठीचार्ज किया जाता है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि न सोयाबीन के सही दाम हैं न गेहूं के दाम हैं। ये कैसा अहंकार है। जब किसान ज्ञापन देने आते हैं तो वो भी नहीं सुनते। हमारे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार से 10 सवाल पूछे, बीजेपी की मोहन सरकार के पास इन सवालों के कोई उत्तर नहीं है। हम किसानों की लड़ाई तन-मन और धन से लड़ेंगे। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से किए वादे भूल गई है, इसीलिए सोई भाजपा सत्ता को जगाने के लिए प्रदेश भर से आए किसानों के साथ विधानसभा का घेराव किया!

## शोरुम में लुटेरों ने बोला धावा, दिनदहाड़े 25 करोड़ के गहने कर दिए साफ



भोजपुर (ए)। भोजपुर में सुबह एक सनसनीखेज वारदात में, हथियारबंद बदमाशों ने एक तनिष्क ज्वेलरी शोरूम को निशाना बनाते हुए करोड़ों रुपये के गहने लूट लिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह लूटपाट सुबह करीब 10 बजे हुई जब सात की संख्या में बदमाश अचानक शोरूम में जबरन घुस आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाशों के शोरूम में प्रवेश करते ही वहां मौजूद ग्राहक और कर्मचारी भयभीत हो गए। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बदमाशों ने बंदूक दिखाकर शोरूम में मौजूद लोगों को डराया और उन्हें एक कोने में इकट्ठा कर दिया। उन्होंने शोरूम के सुरक्षाकर्मियों से हथियार छीन लिए और उन्हें घुटनों पर बैठाकर असहाय कर दिया, जिसके बाद लूटपाट शुरू कर दी गई।

## टीम इंडिया के जीत के जुलूस के दौरान पथराव

### - महू में दो पक्ष भिड़े, दुकान-गाडियां फूंकीं; पुलिस का लाठीचार्ज



महू (ए)! मध्यप्रदेश के महू में चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की जीत के बाद निकल रहे जुलूस के दौरान विवाद हो गया। दो गुट आमने-सामने आ गए। लोगों ने दुकानों और वाहनों को आग लगा दी। पेट्रोल बम भी फेंके गए। पुलिस ने स्थिति संभालने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। सेना के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। करीब ढाई घंटे बाद हालात काबू में आ सके।

घटना रविवार रात करीब 10 बजे की है। भारत की जीत के बाद 100 से ज्यादा लोग 40 से ज्यादा बाइक पर सवार होकर जुलूस निकाल रहे थे। इसमें शामिल लोग जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इसी दौरान जामा मस्जिद के पास आतिशबाजी को लेकर कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। पीछे चल रहे पांच-छह लोगों को दूसरे पक्ष के लोगों ने रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी।

पथराव के बाद बढ़ा विवाद

जब इस बात का पता आगे चल रहे लोगों को लगा तो उन्होंने पत्थर फेंके। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने भी पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। बाइक सवार कुछ लोग पत्ती बाजार, कुछ कोतवाली और बाकी दूसरे क्षेत्र में निकल गए। इधर, गुस्साए लोगों ने पत्ती बाजार क्षेत्र में भी पथराव शुरू कर दिया। यहां घरों-दुकानों के बाहर खड़ी गाडियों में तोडफ़ोड़ करने लगे। पांच से छह लोगों के घायल होने की सूचना है।

चार थानों का पुलिस बल तैनात

बवाल बढने पर आसपास के चार थानों के पुलिस बल को महू बुलाया गया। करीब 300 से ज्यादा बल तैनात किया। कलेक्टर आशीष सिंह और डीआईजी निमिष अग्रवाल रात करीब डेढ़ बजे महू पहुंचे। उन्होंने शहर में पैदल घूमकर स्थिति का जायजा लिया।उपद्रवियों ने पत्ती बाजार, मार्केट चौक, जामा मस्जिद, बतख मोहल्ला और धानमंडी में बाहर खड़ी करीब 12 से ज्यादा बाइक में आग लगा दी। दो कार में तोडफ़ोड़ कर आग लगाई गई।

## काल के गाल में समाई मां-बेटीः स्कूटी और बाइक की आमने-सामने भिंड़त, सड़क पर बिछी लाशें

धार(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के धार में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया, यहां सरदारपुर इंदौर-अहमदाबाद फोरलने के खरेली घाट पर बाइक व स्कूटी में आमने-सामने भिंड़त हो गई। हादसे में मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों के शव को सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर ले जाया गया। जहां दोनों शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

**सामने आ रहे ट्रक की चपेट में आई महिला**

जानकारी के मुताबिक अमझेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर खरेली घाट पर बाइक क्रमांक एमपी 11जेडबी 6063 और स्कूटी क्रमांक एमपी 11 एमएस 8668 की आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी पर सवार महिला सामने आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में धार के छत्रिपूरा निवासी 55 वर्षीय अवंति पति महेश और उसकी 24 वर्षीय बेटी जया पिता महेश की मौके पर ही मौत हो गई। इधर बाइक सवार संदीप पिता गणेश निवासी अर्जुन कॉलोनी धार, रंजीत पिता सरदार निवासी अर्जुन कॉलोनी धार और मनोज पिता रमेश निवासी धार घायल हुए है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

### स्व. माधवराव सिंधिया की 80वीं जयंती पर भजन संध्या में हुए शामिल




भोपाल (निप्र) पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवरावसिंधिया की 80वीं जयंती पर सोमवार को सिंधियापरिवार के छत्री परिसर में स्व. माधराव सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलिअर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादवभजन संध्या में भी शामिल हुए। उन्होंनेभजन संख्या में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं संतजन का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्रीडॉ. यादव के साथ केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्यसिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर व सांसद वी.डी. शर्मा ने भी स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भजन संध्यामें जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्रीनारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्तिमंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अनूप मिश्रा, रामनिवास रावत, श्रीमती माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह, श्रीप्रभुराम चौधरी, श्रीमती इमरती देवी एवं हितानंद शर्मा, जय प्रकाश राजौरिया, प्रेम सिंह राजपूत, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्वालियर-चंबल संभाग के नागरिक शामिल हुए। पूर्व केन्द्रीयमंत्री स्व. श्री सिंधिया की 80वीं जयंती पर आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री चित्रा राय एवं राजेन्द्र पारिक एवं उनके साथियोंने सुमधुर एवं भावपूर्ण भजनों का गायन किया।




## बेटियों से बेहद स्नेह रखते हैं सांसद, बोले-तीसरी संतान बेटी हुई तो 50 हजार देंगे



विजयनगरम (ए)। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम से सांसद के अप्पाला नायडू को बेटियों से अथाह प्रेम है। वे चाहते हैं कि हर घर में बेटी हो और खुशहाल रहे। इसके लिए उन्होंने एक नई पहल की है। उन्होने ऐलान किया है कि जिसके घर में तीसरी संतान बेटी होगी उसे 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। नायडू ने यह घोषणा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की और कहा कि उनकी सफलता में महिलाओं का बड़ा योगदान रहा है, इसलिए वह बेटियों के लिए यह कदम उठा रहे हैं। अप्पाला नायडू का कहना है कि उन्हें अपनी जिंदगी में महिलाओं का काफी योगदान मिला है। उनकी मां, पत्नी, बहनें और बेटी ने हमेशा उनका साथ दिया है। इसलिए वो चाहते हैं कि लोग बेटी के जन्म पर भी उतनी ही खुशी मनाएं, जितनी बेटे के जन्म पर मनाते हैं। उन्होंने ये ऐलान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर किया। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की जनसंख्या बढ़ाने की अपील से वो काफी प्रेरित हुए हैं। इसलिए उन्होंने ये अनोखी पहल शुरू की है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्येक महिला को यह प्रस्ताव देने का वादा किया है। यह रकम फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा होगी। जब लड़की शादी लायक उम्र तक पहुंचेगी, तो ये रकम करीब 10 लाख रुपये तक हो सकती है। वहीं, आप सोच रहे होंगे कि लड़का हुआ तो अगर तीसरी संतान बेटा हुआ, तो सांसद जी परिवार को एक गाय और बछड़ा देंगे।




तिब्बती समुदाय के सदस्य नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर 66वें तिब्बती विद्रोह दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शन करते हुए।

### उदयपुर में युवक की नृशंस हत्या, कुल्हाड़ी से प्राइवेट पार्ट काटकर जंगल में फेंकी लाश

उदयपुर (आरएनएस)। अवैध संबंध के शक में दो चचेरे भाइयों ने युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। कुल्हाड़ी से उसका दायां पैर और प्राइवेट पार्ट काटने के बाद शव को घने जंगल में फेंक दिया। सिर को पत्थर से इतना कुचला गया था कि पहचान करना मुश्किल हो गया।

परिजन पिछले 10 दिन से युवक को ढूंढ रहे थे। जब वे जंगल पहुंचे तो वहां क्षत-विक्षत हालत में शव मिला, जिस पर कीड़े रेंग रहे थे। मामला सायरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।सायरा थाना प्रभारी प्रवीण जुगतावत के अनुसार, 5 मार्च को गोपाल (बदला हुआ नाम) ने अपने भाई रोहित (बदला हुआ नाम) की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि रोहित के अनिल (35) और आशीष (32) (बदले हुए नाम) के परिवार की एक महिला से अवैध संबंध थे, जिससे नाराज होकर दोनों ने उसकी हत्या की साजिश रची।



# मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स सेक्टर में नए निवेश की बढ़ी संभावनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आ रहा है। देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यह प्रदेश उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम के व्यापार मार्गों को सुविधाजनक रूप से जोड़ते हुए एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर रहा है। आधुनिक बुनियादी ढांचे, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और उद्योग समर्थक नीतियों के कारण प्रदेश निवेशकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में की जा रही रणनीतिक पहलों से मध्यप्रदेश अब सिर्फ ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि पूरे भारत की आपूर्ति श्रृंखला का एक मजबूत आधार बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के हब के रूप में उभर रहा है। अपनी भौगोलिक स्थिति, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण यह प्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं इसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं।

**बेहतर सड़कों और कॉरिडोर से लॉजिस्टिक्स को नई दिशा**

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों का तेज़ी से विस्तार किया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, उत्तर-दक्षिण फ्रेट कॉरिडोर और भारतमाला परियोजना प्रदेश को लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रही हैं। इंदौर और भोपाल में विकसित हो रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) व्यापार को आसान और लागत प्रभावी बना रहे हैं।

**हवाई मार्ग से निर्यात और उद्योग को नई गति**

प्रदेश के छह प्रमुख हवाई अड्डों पर एयर कार्गो सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बड़ी ताकत मिल रही है। रीवा हवाई अड्डे के चालू होने से व्यापार और औद्योगिक परिवहन को नई रफ्तार मिली है। फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और खाद्य प्र-संस्करण जैसे उद्योगों को अब कम समय में बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

**डिजिटल तकनीक से लॉजिस्टिक्स और बिजनेस में आई ट्रांसपेरेंसी**

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत विकसित डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्रणाली व्यापारियों के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के माध्यम से पारदर्शी और कुशल लॉजिस्टिक्स सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रदेश के लॉजिस्टिक्स हब में स्मार्ट वेयरहाउसिंग, ऑटोमैटेड ट्रैकिंग और डिजिटल डिलीवरी सिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**औद्योगिक विकास एवं लॉजिस्टिक्स में बेहतर तालमेल**

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक विकास का गहरा तालमेल देखने को मिल रहा है। विक्रम उद्योगपुरी आईआईटीवीयूएल जैसी परियोजनाएं लॉजिस्टिक्स सेक्टर के विस्तार में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में स्थापित किए जा रहे 11 औद्योगिक गलियारे और 20 स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र लॉजिस्टिक्स उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। हरित ऊर्जा समाधान और इलेक्ट्रिक लॉजिस्टिक्स वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मजबूत नीति और प्रोत्साहन**

मध्यप्रदेश सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं लेकर आई है। निश्चित पूंजी निवेश पर 30 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता, स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट और लॉजिस्टिक्स पार्कों के लिए अनुदान जैसी योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। ग्रीन लॉजिस्टिक्स को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार आईजीबीसी प्रमाणन प्राप्त इकाइयों को अतिरिक्त रियायतें दे रही है।

**लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नए अवसरों का केंद्र**

प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना, उन्नत तकनीक और उद्योग अनुकूल नीति इसे लॉजिस्टिक्स सेक्टर के सबसे प्रमुख निवेश केंद्रों में शामिल कर रही है। सरकार के स्पष्ट विजन और विकास रणनीति के चलते यह क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में अम्मा महाराज की छतरी पहुंचकर स्व. माधवराव सिंधिया की जयंती पर हुई भजन संध्या में शामिल हुए।

## मध्यप्रदेश के तीन ताप विद्युत गृहों को फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी बधाई

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल)के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन करने के लिए फ्लाई ऐश उपयोगिता-2025 विषय पर गोवा में आयोजित 14 वें अन्तर्राष्ट्रीय आवासीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। तीनों विद्युत गृह के अभियंताओं को यह पुरस्कार पूर्व केन्द्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रदान किया। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन गैर लाभकारी संगठन मिशन एनर्जी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में एनटीपीसी, विभिन्न राज्यों की पॉवर यूटिलिटी व निजी पॉवर यूटिलिटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विद्युत गृहों से निकलने वाली फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पुरस्कार के लिए तीनों ताप विद्युत गृह के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने फ्लाई ऐश के बेहतर प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास और प्रतिबद्धता के माध्यम से जो मील का पत्थर स्थापित किया है, यह उपलब्धि न केवल पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास की मिसाल भी है।

# अलीराजपुर के लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्म-विश्वास को देखकर मन गदगद है : मंत्री श्री विजयवर्गीय

## भगोरिया महोत्सव में शामिल होना मेरे लिये गर्व की बात

भोपाल (ए.)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि अलीराजपुर आकर भगोरिया महोत्सव में शामिल होकर में गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। भगोरिया महोत्सव में उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्मविश्वास को देखकर मन गदगद है। अलीराजपुर ने पिछले 20 वर्षों में तरक्की की नई ऊँचाईयों को छूआ है। आज लोगों के पक्के मकान है, घर-घर तक जल पहुंच रहा है, आज जिले के किसान साल में 3-3 फसलें लें रहे है, ये स्थिति पिछले 20 वर्षों में बदली है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने आज यह बात आज भगोरिया महोत्सव में शामिल होने के बाद कहीं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों को धरातल तक लाने के लिए मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मेहनत की है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से अलीराजपुर आ रहे है। राज्य सरकार के प्रयासों से पलायन पहले की तुलना में कम हुआ है, सम्पन्नता बढ़ी है और जनजातीय अंचल के नागरिकों के अंदर आत्म-विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं कार्यों को विश्व स्तर तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार किया जा रहा है। भगोरिया महापर्व उल्लास के साथ मनाया



जाता रहे इसके लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। भगोरिया महापर्व में मंत्री श्री विजयवर्गीय एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल का स्वागत जनजातीय संस्कृति को परिलक्षित करती हुई जैकेट और साफा पहनाकर मंत्री नागर सिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान द्वारा किया गया।


## उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई

भोपाल (ए.)। उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परामार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक श्रीमती प्रियंका पैची, श्रीमती झूमा डॉ. ध्यान सिंह सोलंकी एवं राजेन्द्र भारती, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े उपस्थित थे।

बैठक में महाविद्यालयों में छात्रों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, महाविद्यालयों में नये संकाय शुरू करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, जन-भागीदारी समितियों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के सुझाव विधायकों ने दिये।

बैठक में शिक्षकों के प्रशिक्षण, पदोन्नति, वेतन वृद्धि, स्थायीकरण, प्रौद्योगिकी उपयोग, स्थानांतरण प्रकिया, शिकायत निवारण समितियां और संसाधन बैंक बनाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं



भोपाल (ए.)। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, ताकि शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते होती हैं। जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। मानव जीवन अमूल्य है। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें। वर्ष में एक बार अपने परिसर की वायरिंग, फिटिंग, अर्थिंग अनुभवी एवं दक्ष इलेक्ट्रीशियन से अवश्य जांच कराएं, ताकि शार्ट सर्किट की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# ग्रामीण समूहों की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन खंडवा की पहल

भोपाल (ए.)। जिला प्रशासन खंडवा द्वारा म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले की विभिन्न ग्रामीण महिलाओं को जिला पंचायत खंडवा द्वारा ई-रिक्शा चलाने के लिये सर्वप्रथम लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। साथ ही ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंडवा में आयोजित ''नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम'' में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने हरी झण्डी दिखाकर दीदियों के सपनों को उड़ान देते हुए ई-रिक्शा वितरित किये गये। महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिला पंचायत खंडवा की मंशा है कि जब महिलाएं ई-रिक्शा चलाएंगी तो उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। वहीं दूसरी ओर बाजार में महिला यात्रियों को सुरक्षित परिवहन के वाहन भी उपलब्ध होंगे। महिला अपने बलबूते पर परिवार का पालन पोषण कर सकेंगी।प्रोजेक्ट के तहत चयनित महिलाओं को उनकी पसंद का ई-रिक्शा लेने के लिए उनके माध्यम से ही मार्केट सर्वे किया गया एवं उपलब्ध तीन मॉडलों का सर्वे कर उन्होंने आपस में बैठक कर मॉडल का चुनाव किया और एक सहमति बनाते हुए समूह से ऋण लेकर रिक्शा क्रय करने का निर्णय लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हुआ "नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम"



## राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने सीधी जिले की सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

### सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए जिले में अभियान चलाकर प्रयास किए जाएं

भोपाल (ए.)। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने गत दिवस सीधी जिले में सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने दिवंगत पुण्य आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कष्ट को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। राज्यमंत्री श्री जायसवाल घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा से चर्चा की।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव**

## प्रदेश के 700 हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

भोपाल (ए.)। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फ़ाइनेंस एग्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सौलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।

**4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा**

प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा देने के लिये 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये है।

# रेलवे में तकनीकी क्रांतिः भोपाल मंडल के इटारसी लोको शेड में हाई-टेक लोको की कमीशनिंग!




## 12000 HP की नई ताकत! भोपाल मंडल को मालवाहन में मिलेगी रफ्तार और सुरक्षा

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के निर्देशन में भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाले विद्युत लोको शेड, इटारसी में अत्याधुनिक तकनीक से युक्त EF12K मल्टी लोको नंबर 65036 एवं 65059 का कमीशनिंग कार्य किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक लोको 12000 हॉर्स पॉवर की क्षमता से लैस है, जो कि सामान्य लोकोमोटिव की तुलना में लगभग दोगुनी शक्ति प्रदान करता है, जो इसे और भी शक्तिशाली बनाता है। इसकी सहायता से मालवाहक गाड़ियों का संचालन पहले की तुलना में अधिक प्रभावी और तेज़ी से किया जा सकेगा। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(कर्षण चल स्टॉक) नीरज कुमार शर्मा के अनुसार अभी तक भोपाल मंडल में इस प्रकार के दो ही लोको उपलब्ध है जिनमे से एक लोको कल दिनांक 11 मार्च से अपनी सेवाएँ देने लगेगा और दूसरा लोको लगभग एक सप्ताह बाद कमीशनिंग होकर उपलब्ध हो जायेगा।

**इस लोको की खास विशेषताएं निम्नलिखित है**

1. वेस्टिब्यूल कनेक्शन: इस सुविधा के माध्यम से एक लोको से दूसरे लोको में सुगमता से प्रवेश किया जा सकेगा, जिससे लोको स्टाफ का आवागमन अधिक सरल हो जाएगा। इसके अलावा, यह सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में लोको स्टाफ को सुरक्षित रूप से एक लोको से दूसरे में जाने में भी सहायक होगी।
2. सिग्नल एक्सचेंज लेम्प- लोको कैब के भीतर ही यह सुविधा दी गई है, जिससे लोको पायलट को बिना हाथ बाहर निकाले ही सुरक्षित रूप से सिग्नल एक्सचेंज करने में सहूलियत मिलेगी। इससे परिचालन अधिक सुरक्षित और कुशल हो सकेगा।
3. वाटरलेस यूरिनल: लोको पायलटों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस अत्याधुनिक सुविधा को शामिल किया गया है।
4. कैब एसी: लोको पायलट के लिए लंबी यात्राओं के दौरान आराम सुनिश्चित करने और गर्मी के मौसम में थकान को कम करने के लिए लोको में एसी की सुविधा दी गई है, जिससे कार्य के दौरान उनकी उत्पादकता बढ़ सके।
5. रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम: इस प्रणाली के तहत लोको की लोकेशन और संभावित फेल्योर डाटा को रिमोटली मॉनिटर किया जा सकता है, जिससे परिचालन अधिक विश्वसनीय और कुशल हो सकेगा.

भारतीय रेलवे की बड़ी उपलब्धिः इस लोको की ढुलाई क्षमता 12000 हॉर्स पॉवर है, जिससे यह लोको अधिक माल लदान में सक्षम है। इसकी अधिक क्षमता के कारण मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आएगी, जिससे यात्रा का समय कम होगा और अधिक माल एक बार में ले जाना संभव होगा। है, जिससे यह लोको अधिक माल लदान में सक्षम है। इससे भारतीय रेलवे द्वारा अधिक मालगाड़ियों के संचालन और 3000 मीट्रिक टन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया कि नवीनतम तकनीक से युक्त इन लोको के कमीशनिंग से रेलवे के माल लदान में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और इससे रेलवे की कार्यक्षमता भी बेहतर होगी। इस महत्वपूर्ण पहल से भारतीय रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

## पिता की आत्महत्या के बाद वीडियो से खुला सच, बेटियों ने मां और अन्य परिजनों संग मिलकर की थी मारपीट



मुरैना (ए.)। गांधी कॉलोनी में एक व्यक्ति की आत्महत्या का मामला नया मोड़ लेता दिख रहा है। मृतक हरेंद्र मौर्य (46) की मौत को पहले आत्महत्या माना जा रहा था, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने इस पर संदेह खड़ा कर दिया है। इस वीडियो में मृतक की पत्नी, बेटियां और अन्य परिजन उसे डंडों से बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो 2 जनवरी 2025 का बताया जा रहा है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच को हत्या के एंगल से आगे बढ़ाया है।

**आत्महत्या की सूचना और वीडियो का खुलासा**

रविवार रात मृतक के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि हरेंद्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव को ग्वालियर फोरेंसिक लैब भेज दिया है, जहां डॉक्टरों की एक टीम विशेष पोस्टमॉर्टम करेगी।

**परिवार में चल रहा था विवाद**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हरेंद्र नशे का आदी था और इसी वजह से परिजनों से आए दिन झगड़े होते थे। मृतक के परिजनों का कहना है कि उसकी मौत आत्महत्या से हुई है, लेकिन पुलिस को शक है कि उसे पीट-पीटकर मारा गया हो।

## देवास में चैंपियंस ट्रॉफी की जीत का जश्न, हुड़दंगियों ने कोतवाली टीआई से की अभद्रता

देवास (ए.)। देवास में एक ओर भारत की जीत का जश्न मनाया गया। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग हुड़दंग करते हुए नजर आए। कोतवाली थाना प्रभारी समझाने गए तो उनसे भी अभद्रता की गई। बाद में माहौल गरमा गया। कोतवाली टीआई अजय गुर्जर यहां पर हुड़दंग कर रहे कुछ लोगों को समझाइश दे रहे थे कि वे लोग पटाखे न फोड़ें, लेकिन कुछ लोग फिर भी पटाखे फोड़ रहे। लोगों ने कोतवाली थाना प्रभारी से बहस शुरू कर दी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक कोतवाली थाना प्रभारी की गाड़ी पर डंडे से हमला करते हुए नजर आ रहा है



**जीत के जश्न के दौरान हुई हुड़दंगबाजी**

देवास के सयाजी द्वारा पर भारत की जीत का जश्न बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। लोगों और आतिशबाजी भी कर रहे थे, लेकिन यहां पर कुछ लोगों ने कोतवाली थाना प्रभारी के साथ अभद्रता भी की। बताया जाता है कि यहां पर कुछ लोग पटाखे फोड़ रहे थे, जिन्हें मना किया तो वह अभद्रता करने लगे इसके बाद कोतवाली टीआई मौके से गाड़ी लेकर रवाना हो गए।

# किचन में गैस की टंकी के पीछे सीक्रेट रूम में छिपा रखी थी शराब, ढूंढने के लिए पुलिस रेंगते हुए घुसी

हरदा (ए.)। प्रदेश के हरदा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में घर के किचन में बनाए एक सीक्रेट रूम से अवैध शराब का खजाना बरामद किया गया है। मुखबिर से मिली सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने गैस की टंकियों के पीछे, एक छोटे से दरवाजे से रेंगते हुए जब अंदर जाकर देखा तो वहां 75 पेटियों में करीब 660 लीटर देशी-विदेशी शराब रखी मिली। वहीं, जब्त शराब की कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई जा रही है।

थाना सिराली की पुलिस टीम को ग्राम गहाल में अवैध शराब की सूचना मिली थी। इस पर कार्यवाही करते हुए गांव में बने शेख असलम के घर के किचन में बने, एक गुप्त कमरे से 75 पेटी अवैध शराब जब्त की गई। इसके साथ ही मौके से ही अवैध शराब बेचने और रखने के जुर्म में गांव के ही दो आरोपी शुभम लुनिया एवं रज्जाक को गिरफ्तार किया है। इनके अन्य दो साथी फिलहाल फरार हैं। इस मामले में थाना सिराली में आबकारी एक्ट से जुड़ा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जप्त शराब की जानकारी देते हरदा एसपी अभिनव चौकसे।

**गुप्त दरवाजा बना रखा था**

बता दें, आरोपियों ने बडे शातिर तरीके से अपने घर के किचन में रखी गैस टंकियों के पीछे एक छोटा गुप्त दरवाजा बना रखा था। यह गुप्त कमरे में खुलता था। इस कमरे में लेटकर या रेंगते हुए ही अंदर जाया जा सकता था। पुलिस टीम जब रेंगते हुए इस कमरे में घुसी तो देखकर हैरान रह गई।

## मप्र में बढ़ा पारा, इंदौर-उज्जैन-रतलाम, सबसे गर्म, जानिए कैसा रहेगा मौसम



इंदौर (ए.)। मध्यप्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है। रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 1 से 4 डिग्री तक बढ़ गया। सबसे अधिक गर्मी रतलाम में रही, जहां अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों में रविवार को रतलाम, उज्जैन और इंदौर सबसे गर्म रहे। उज्जैन में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री, इंदौर में 35.2 डिग्री रहा। उज्जैन में रात का पारा 14.5 और इंदौर में 18.0 दर्ज किया गया। नर्मदापुरम, मंडला और शिवपुरी में भी तापमान में उछाल देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में दिन और रात के तापमान में और बढ़ोतरी होगी।

### एकादशी पर भस्म आरती में वैष्णव तिलक लगाकर सजे बाबा महाकाल, भक्तों ने किए दर्शन



उज्जैन (ए.)। बाबा महाकाल के प्रांगण में सोमवार को कालो के काल बाबा महाकाल भस्म आरती के दौरान भांग व पूजन सामग्री से श्रृंगारित हुए। इस दौरान उन्हें अलौकिक स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। जिसका लाभ हजारों श्रद्धालुओं ने लिया। श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज एकादशी पर सुबह 4 बजे हुई भस्मारती के दौरान बाबा महाकाल का पंचामृत पूजन अभिषेक कर आकर्षक स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

## प्रेमी ने दूसरी जगह कर ली शादी तो युवती ने दी जान, मौत से पहले वीडियो बनाकर लगाए गंभीर आरोप



छिंदवाड़ा (ए.)। छिंदवाड़ा जिले के अतरवाड़ा गांव में एक युवती ने शादी का झांसे से आहत जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पूजा चंद्रवंशी (20) पिता गंगा प्रसाद चंद्रवंशी के रूप में हुई है। उपचार के दौरान छिंदवाड़ा जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार 2 मार्च को पूजा घर में अकेली थी, जब उसने जहर खा लिया। शाम को जब परिजन खेत से लौटे, तो उन्होंने उसे खून की उल्टियां करते देखा। तत्काल उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते नागपुर रेफर कर दिया गया। 9 मार्च को डॉक्टरों ने जब उसकी हालत में कोई सुधार नहीं देखा, तो उसे छिंदवाड़ा वापस भेज दिया। कल देर रात जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**मौत से पहले बनाया वीडियो**

मृतका ने अस्पताल में मौत से पहले एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने योगेश चंद्रवंशी नाम के युवक पर शादी का झांसा देकर शादी नहीं करने का आरोप लगाया। बताया कि आरोपी ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। वीडियो में पूजा ने कहा कि योगेश ने दूसरी शादी कर ली, इसलिए मैं अपनी जान दे रही हूं।

## दो संतों का मिलनः अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्रपुरी और महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी ने किए बाबा महाकाल के दर्शन



उज्जैन (ए.)। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्रपुरी और पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने बाबा महाकाल का पूजन दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और विश्व कल्याण की कामना की। वैसे तो ये दोनों संत अलग-अलग समय पर महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे, लेकिन नंदी हॉल में दोनों ही संतों का मिलन हो गया, उन्होंने एक दूसरे की कुशलक्षेम पूछी। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस. एल. सोनी और सिम्मी यादव द्वारा संतद्वय का स्वागत व सम्मान किया गया। रवींद्रपुरी महाराज ने गर्भग्रह में पहुंचकर बाबा महाकाल का पूजन अर्चन व अभिषेक किया।

## बालू रेती में दबी मिली लाश से सनसनी, सिर पर मिले चोट के निशान, जिसका था मकान उसी का था शव




उज्जैन (ए.)। उज्जैन जिले के नागदा थाना क्षेत्र में आज सुबह उस समय सनसनी मच गई जब कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की लाश को बालू रेती में दबा हुई देखी। जिस मकान से यह लाश मिली है यह मकान उक्त व्यक्ति का ही बताया जा रहा है जो कि निर्माणाधीन था। लाश मिलने की जानकारी लगते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची, जहां उन्होंने लाश को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाने के साथ ही इस पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वैसे मृतक के सिर पर चोट के निशान से पुलिस इस मामले को हत्या मानकर भी जांच करने मे जुटी हुई है। उज्जैन के पास नागदा में सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। शव निर्माणाधीन मकान में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए एफएसएल टीम को बुलाया और जांच शुरू कर दी। डीएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव के अनुसार, बिड़ला ग्राम निवासी 55 वर्षीय रामचंद्र जनसेवा प्राइवेट हॉस्पिटल में कर्मचारी थे। सुबह ड्यूटी खत्म करने के बाद वे बेरछा रोड स्थित अपनी निर्माणाधीन मकान पर गए थे। जब देर रात तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की।

## भीख लेने देने वालों पर कानूनी कार्रवाई फिर से शुरू, कलेक्टर ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया



इंदौर (ए.)। इंदौर में भिक्षावृत्ति पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध के बावजूद शहर के विभिन्न स्थलों जैसे ट्रैफिक सिग्नल, मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भिक्षावृत्ति की गतिविधियां जारी हैं। इस स्थिति को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने सोमवार को एक बार फिर सख्त आदेश जारी किया। उन्होंने नागरिकों को भिक्षावृत्ति से संबंधित किसी भी घटना की सूचना देने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया है। अब तक इंदौर प्रशासन द्वारा 354 भिखारियों को रेस्क्यू कर उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेजा जा चुका है। इसके अलावा, 45 बच्चों को बाल सुधार गृह में भेजा गया है ताकि उन्हें उचित देखभाल और सुरक्षा दी जा सके।

## व्यापार समाचार



## भारत में 2024-25 के दौरान चावल, गेहूं, मक्का का होगा रिकॉर्ड उत्पादन, जारी किए गए अग्रिम अनुमान

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने 2024-25 खरीफ सीजन में रिकॉर्ड चावल, गेहूं और मक्का का उत्पादन किया है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के प्रमुख कृषि फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमानों में यह जानकारी दी है।

अनुमानों के मुताबिक भारत में 2024-25 में खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन 1,663.91 लाख टन और रबी खाद्यान्न (ग्रीष्मकालीन फसल को छोड़कर) 1,645.27 लाख टन हुआ। इस दौरान, खरीफ चावल का उत्पादन 1,206.79 लाख टन और रबी चावल (ग्रीष्मकालीन को छोड़कर) 157.58 लाख टन रहने का अनुमान है। अनुमानों के अनुसार गेहूं का उत्पादन 1,154.30 लाख टन, जबकि खरीफ मक्का 248.11 लाख टन और रबी मक्का (ग्रीष्मकालीन को छोड़कर) 124.38 लाख टन रह सकता है।

2023-24 के खरीफ चावल उत्पादन 1,132.59 लाख टन की तुलना में 2024-25 में उत्पादन 1,206.79 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें 74.20 लाख टन की वृद्धि हो सकती है। रबी चावल का उत्पादन 157.58 लाख टन अनुमानित है। गेहूं का उत्पादन 1154.30 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के 1,132.92 लाख टन उत्पादन की तुलना में 21.38 लाख टन अधिक है।

# फरवरी महीने में शाकाहारी थाली सस्ती हुई; मांसाहारी थाली की कीमत बढ़ी, क्रिसिल रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली (ए.)। फरवरी में घर में बने भोजन की शाकाहारी थाली पिछले साल के इसी महीने की तुलना में एक फीसदी सस्ती हो गई। हालांकि, इस दौरान मांसाहारी थाली की कीमत में लगभग 6 प्रतिशत का इजाफा देखा गया। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

**शाकाहारी थाली की कीमतों में नरमी का क्या कारण?**

रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत में गिरावट मुख्य रूप से टमाटर और एलपीजी की कीमतों में कमी के कारण हुई। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमतों में इजाफे का कारण ब्रॉयलर चिकन की कीमतों का बढ़ना रहा। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा "फरवरी में टमाटर की कम कीमतों के बीच शाकाहारी थाली की कीमत में साल-दर-साल गिरावट आई।दूसरी ओर, ब्रॉयलर की कीमत में वृद्धि जारी रहने के कारण मांसाहारी थाली की कीमत में मामूली वृद्धि हुई"।

**फरवरी महीने में टमाटर की कीमतों में राहत**

रिपोर्ट में बताया गया है कि फरवरी में टमाटर की कीमतें एक साल पहले के 32 रुपये प्रति किलोग्राम से 28 प्रतिशत घटकर 23 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह गिरावट बाजार में टमाटर की आवक में 20 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई। इसके अलावा, एलपीजी की कीमतों में भी 11 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे और राहत मिली। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत पिछले साल के 903 रुपये से घटकर 803 रुपये हो गई।




हालांकि, शाकाहारी थाली की लागत में कुल गिरावट अन्य प्रमुख सामग्रियों की बढ़ती कीमतों के कारण सीमित रही। पिछले साल के मुकाबले प्याज की कीमतों में 11 फीसदी, आलू की कीमतों में 16 फीसदी और वनस्पति तेल की कीमतों में 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इन मूल्य वृद्धि ने शाकाहारी भोजन की लागत में तेज गिरावट को रोक दिया।

**ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में सालाना आधार पर 15% की बढ़ोतरी**

दूसरी ओर, ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में सालाना आधार पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण मांसाहारी थाली अधिक महंगी हो गई। मांसाहारी थाली की लागत में ब्रॉयलर का हिस्सा लगभग 50 फीसदी होता है और इसकी कीमत में वृद्धि पिछले साल के कम आधार के कारण हुई थी, जब अधिक आपूर्ति के कारण कीमतें कम हो गई थीं।

इसके अलावा, ब्रॉयलर मुर्गियों के चारे की लागत बढ़ गई, मक्का की कीमतों में सालाना आधार पर 6त्न की बढ़ोतरी हुई, जिससे कुल लागत और बढ़ गई। बाजार में ताजा आवक के कारण प्याज, आलू और टमाटर की कीमतों में क्रमशः गिरावट देखी

## अमेरिका में फार्मा टैरिफ बढ़ने से भारतीय दवा उद्योग पर गहरा असर, छोटी कंपनियों के लिए चुनौती



नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका में फार्मा आयात पर अगर टैरिफ बढ़ता है तो इसका भारतीय दवा निर्माताओं पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि इससे उत्पादन लागत बढ़ जाएगी। इससे अन्य देशों की तुलना में घरेलू कंपनियों को प्रतिस्पर्धा करने में दिक्कत होगी। कम मार्जिन पर काम करने वाली छोटी कंपनियों को भारी दबाव का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें कारोबार बंद करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है।

**मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर अरविंद शर्मा ने दी जानकारी**

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर अरविंद शर्मा ने कहा, भारत वर्तमान में अमेरिकी दवाओं पर करीब 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है, जबकि अमेरिका भारतीय दवाओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगाता है। अमेरिका दवाओं का शुद्ध आयातक रहा है।

## न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी, वापस मुंबई लौटा विमान





मुंबई (ए.)। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विमान को हवा में ही मुंबई की तरफ मोड़ा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान में बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद इसे मुंबई वापस लाया गया। विमान में 320 से अधिक लोग सवार थे और यह सुरक्षित रूप से मुंबई में उतर गया। सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं।

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान एआई 119 में संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला। आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को वापस मुंबई ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि विमान में बम रखे होने की सूचना मिली थी और इस बाबत विमान के शौचालय में एक पत्र मिला।

एक सूत्र ने बताया कि बोइंग 777-300 ईआर विमान में चालक दल के 19 सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे। एयरलाइन के अनुसार विमान सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर सुरक्षित रूप से मुंबई में उतरा। बयान में कहा गया, विमान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच की जा रही है और एअर इंडिया अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रही है। उड़ान का समय बदलकर 11 मार्च सुबह पांच बजे कर दिया गया है। एयरलाइन ने कहा कि सभी यात्रियों को होटल में आवास, भोजन और अन्य सहायता की पेशकश की गई है।

## रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 41 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.36 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 30 पैसे गिरकर 87.25 पर आ गया। अमेरिकी मुद्रा के छह महीने के निचले स्तर से उबरने और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, इससे भी रुपया गिरा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में आई कमजोरी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा है जिससे वह टूटा है।

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को कुछ कुछ समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 पर कमजोर खुला और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.25 पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की गिरावट को दिखात है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे बढ़कर 86.95 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी बढ़कर 103.84 पर था।


# शुरुआती बढ़त गंवा लाल निशान पर बंद हुआ बाजार; सेंसेक्स 217 अंक टूटा, निफ्टी 22500 से नीचे

नई दिल्ली(ए.)। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। ऐसा औद्योगिक और तेल व गैस शेयरों में बिकवाली के कारण हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। इसके 22 शेयर नुकसान में और आठ लाभ में रहे। इससे पहले यह सूचकांक बढ़त के साथ खुला और दिन के दौरान 74,741.25 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा।

हालांकि, पहले सत्र के दौरान हासिल बढ़त बजार ने आखिरी सत्र से पहले गंवा दी। बंद होने से पहले बाजार पर बिकवाली का दबाव दिखा और सूचकांक 310.34 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोमवार को एनएसई का निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स के शेयरों का कैसा रहा हाल?**

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टूब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछड़ गईं। दूसरी ओर, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्यूटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में लाभ रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है, अमेरिका में बेरोजगारी दर और टैरिफ में वृद्धि के कारण अनिश्चितता बढ़ रही है, जिससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में अस्थिरता बनी रहेगी।



**बाजार में दीर्घकालिक अवधि के लिए निवेश अब भी आकर्षक**

नायर ने कहा कि घरेलू वृहद आर्थिक हालात निवेशकों को अल्पावधि में सावधानी के साथ नरम पड़े शेयरों में निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हालांकि, दीर्घकालिक अवधि के लिए बाजार में निवेश अब भी आकर्षक बना हुआ है। सोमवार को एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल में मिलाजुला रुख रहा। मध्य सत्र के सौदों में यूरोपीय बाजारों में गिरावट देखी गई। वहीं, शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट सकारात्मक रुख के साथ हुए थे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के फिरौती वसूली' जा रही है।

पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी।

मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है?

हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया।

अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है।

कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं।तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।



तिब्बती समुदाय के सदस्य नई दिल्ली के जंतर-मंतर में 66वें तिब्बती विद्रोह दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शन करते हुए।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

ललित गर्ग

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम



कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर जज़िया वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।


उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं। शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

# राजनीतिज्ञों की साफगोई से फ्रीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

रंजन श्रीवास्तव

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक़्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक़्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को ख़त्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था।

जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है। पटेल ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया है पर फिर भी उनके बयान से जो कि चौहान के बयान के तुरंत बाद आया है, उस राजनीतिक बहस की आवश्यकता को बताता है कि फ्रीबी कल्चर देश के लिए कितना उचित है और कितना अनुचित।





मेष राशि: आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

वृष राशि: आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

मिथुन राशि: आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी। छोटे बच्चों को पिता से अच्छा उपहार मिलने की संभावना है।

कर्क राशि: आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी पुराने दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा। बातचीत के दौरान कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी।

सिंह राशि: आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे। आज जरूरी काम पूरा हो जाने से रिलैक्स फील करेंगे।

कन्या राशि: आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा।

तुला राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

धनु राशि: आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

मकर राशि: आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे।

कुंभ राशि: आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे।

मीन राशि: आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

# आम हिंदुओं के निशाने समूचा विपक्ष

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे।

पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं। कुछ अति उत्साही कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने पंडित नेहरू की भी महाकुंभ में स्नान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। लेकिन महाकुंभ इतिहास तो है यह तो जितना इतिहास है उतना ही समकालीन भी है। कांग्रेस हो सकता है कि इतिहास में इसका हिस्सा रही लेकिन समकालीन घटनाक्रम का भी तो हिस्सा बनना होगा।

अगर कांग्रेस नेताओं को महाकुंभ नहीं जाना था तो जाने की झूठी खबरों का प्रचार भी नहीं कराना चाहिए था। अगर प्रचार कराया तो वहां चले जाना चाहिए था, उससे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुंह नहीं छिपाना पड़ता। गांवों में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। वे किसी तरह पुरानी बातों से बचाव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ समझदार लोग कह रहे हैं कि 12 साल पहले 2013 के महाकुंभ में नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ या अमित शाह में से कोई भी डुबकी लगाने नहीं गया था। लेकिन क्या तब सोनिया, राहुल और प्रियंका गए थे? अगर गए थे तो बताना चाहिए ताकि लोगों को पता चले कि जो सत्ता में होता है वही कुंभ जाता है!

ऊपर से कोढ़ में खाज की तरह कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता महाकुंभ को लेकर अनाप शनाप बयान देते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ ने सवाल उठा दिया कि महाकुंभ जाने से क्या देश की गरीबी खत्म हो जाएगी। किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन से देश की गरीबी नहीं खत्म होने वाली है। इंदिरा गांधी ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद 30 साल कांग्रेस शासन में रही तो कहां गरीबी मिट गई। लाखों लोग उर्स करने जाते हैं या हज करने जाते हैं तो उससे भी न गरीबी मिटती है और न जहालत खत्म होती है। लेकिन जब उस पर इस तरह के सवाल नहीं उठाए जाते हैं तो महाकुंभ पर भी ऐसे सवाल उठाने की कोई तुक नहीं है। महाकुंभ में 66 करोड़ लोग पहुंचे, यह उनके लिए गरीबी मिटाने या अशिक्षा दूर करने का विषय नहीं था। यह उनकी आस्था का विषय था, जिसका कांग्रेस को सम्मान करना चाहिए। कम से कम सार्वजनिक रूप से तो सम्मान करे! खडगे़ और राहुल गांधी मन में चाहे जो भाव रखते हों लेकिन राजनीति कर रहे हैं पार्टी चल रहे हैं तो सार्वजनिक बयानों में सावधान रहने की जरुरत होती है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद ने कह दिया कि कुंभ फालतू है। उनको महाकुंभ ( ) की व्यवस्था पर सवाल उठाना था लेकिन वे महाकुंभ को ही फालतू की बात बता रहे थे। यह समझे बगैर कि उत्तर प्रदेश के अलावा सबसे ज्यादा लोग बिहार से ही महाकुंभ जा रहे थे। उनकी जाति के कट्टर समर्थक भी कुंभ जा रहे थे। उसकी आस्था को इस तरह से चैलेंज करना कोई अच्छी राजनीति नहीं है। सोशल मीडिया के इस दौर में ऐसी बातों का तुरंत प्रसार होता है। यही ममता बनर्जी ने भी किया। उन्होंने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान दिया। ममता ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ' कहा। उन्होंने इसके 144 वाले संयोग पर सवाल उठाया वह अलग बात है लेकिन महाकुंभ को मृत्युकुंभ' कह कर उन्होंने ऐसा विवाद खड़ा किया, जिस पर समूचे विपक्ष को सफाई देनी पड़ी। सोचें, खुद ममता बनर्जी अपने यहां कुंभ की ही तरह का बड़ा गंगासागर मेला आयोजित करती हैं।

## हिंदू त्यौहार और साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति

राम पुनियानी

संघ परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं। वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है। हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया। इस बार के कुंभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुम्भ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सत्ताधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्मसंसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया।जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है। मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे।इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गया। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था।

K ✌ K
राष्ट्रीय समाचार





# राहुल गांधी ने मतदाता सूची के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग उठाई



नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कागजात दिखाए हैं जिससे पता चला है कि मतदाता पहचान पत्र संख्या का दोहराव हो रहा है। उन्होंने दावा किया, ''कुछ गंभीर गड़बड़ी है, जिसके बारे में पहले महाराष्ट्र में बात हुई थी। हरियाणा में भी इसे लेकर बात हुई थी।'' तृणमूल कांग्रेस सदस्य ने पश्चिम बंगाल और असम में भी भविष्य में इस तरह की बात सामने आने की आशंका जताई। रॉय ने कहा, ''पूरी मतदाता सूची में व्यापक सुधार होना चाहिए। निर्वाचन आयोग को बताना चाहिए कि यह कैसे हुआ है।

## सरकार ने पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर (ए.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हाल में पेश किए गए बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने के लिए आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्यभर में संचालित गौशालाओं और नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि इस साल 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रुपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की थी, जिसमें गौवंश के लिए शेड, खेली निर्माण और दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। उन्होंने बताया कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए बजट में गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है।

## शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, लाखों की अंग्रेजी शराब व वाहन जब्त

डबवाली (आरएनएस)। हरियाणा के सिरसा जिला में अवैध रूप से नशे की तस्करी कर रहे नशा तस्करों पर डबवाली पुलिस शिकंजा कस रही है और इसी क्रम में रविवार को एक अंतरराज्यीय शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया।ताजा मामले में डबवाली पुलिस के प्रभारी एन्टी नारकोटिक सेल के उप नि. सुरेश कुमार की टीम ने डबवाली सिरसा रोड नजदीक रोहिडा वाली बस स्टैण्ड से गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को करीब 25 लाख रुपये की अग्रेजी शराब मार्का रोयल स्टोग व मैकडोवल की बड़ी खेप 96 पेटी (करीब 12,00 बोतल) व आयशर कैंटर के साथ गिरफ्तार किया है । काबू किये गये व्यक्ति की पहचान विजय कुमार पुत्र जगदीश निवासी सदलपुर जिला हिसार के रूप में हुई है।इस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए श्री सुरेश कुमार ने बताया कि आज मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम गस्त पड़ताल अपराध के सम्बन्ध में डबवाली से सिरसा रोड पर रोहिडा वाली बस स्टैंड के पास मौजूद थे।



भारत और किर्गिज़स्तान के विशेष बलों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास खंजर-12 का उद्घाटन समारोह किर्गिज़स्तान के टोकमोक में आयोजित हुआ।

## गाजीपुर में युवक की गोली के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया, जाम खोला जा रहा : एडिशनल डीसीपी

गाजीपुर (आरएनएस)। दिल्ली में गाजीपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक 32 वर्षीय युवक रोहित की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गाजीपुर इलाके में भयंकर जाम के हालात हैं। इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा है। सोमवार सुबह मृतक के परिजनों ने नेशनल हाईवे-24 को जाम कर दिया, जिससे 4 किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लग गया। स्थिति को संभालने के लिए पूर्वी दिल्ली के एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। डीसीपी ने परिवार वालों को समझाया कि जाम खोल दें, क्योंकि इसमें एंबुलेंस भी फंसी है और लोगों को दूर तक जाना है। हालांकि, परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया जा रहा है।एडिशनल डीसीपी विनीत कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि तड़के चार बजे हमें एक व्यक्ति के गोली लगने की सूचना मिली थी। मामले में कार्रवाई करते दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## होली को लेकर पंजाब में सुरक्षा सख्त, पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

चंडीगढ़(आरएनएस)। होली से पहले पंजाब पुलिस ने रविवार को 262 बस स्टैंडों पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देश पर सभी 28 पुलिस जिलों में चलाया गया।राज्य स्तरीय इस अभियान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे विशेष पुलिस महानिदेशक (विशेष डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि सभी पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्तर के अधिकारियों की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों ने खोजी कुत्तों की मदद से बस स्टैंड पर आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली। साथ ही टीमों ने सत्यापन के लिए संदिग्ध लोगों को भी पकड़ा। उन्होंने कहा कि हमने सभी पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए थे कि वे इस अभियान के दौरान हर व्यक्ति से दोस्ताना और विनम्र तरीके से पेश आएं। विशेष डीजीपी ने कहा कि राज्य भर में 121 राजपत्रित रैंक के अधिकारियों की निगरानी में 3,000 से अधिक पुलिसकर्मियों वाली 400 पुलिस पार्टियों को तैनात किया गया था, ताकि राज्य के विभिन्न बस स्टैंडों पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी की जा सके और लोगों को कम से कम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग 262 बस स्टैंडों पर चलाए गए अभियान के दौरान लगभग 3,868 लोगों की जांच की गई, जबकि पुलिस टीमों ने पूछताछ के लिए 175 लोगों को हिरासत में लिया है।

## नागपुर में बोले बाबा रामदेव, औरंगजेब की चर्चा करना व्यर्थ

नागपुर (आरएनएस)। पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क का भव्य उद्घाटन समारोह रविवार को नागपुर के मिहान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए योगगुरु बाबा रामदेव शनिवार को नागपुर पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए बाबा रामदेव ने महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी।बाबा रामदेव ने कहा, भारत भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान शिव और छत्रपति शिवाजी महाराज का देश है। हमें अपने पूर्वजों के गौरव से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।योगगुरु ने आगे कहा कि औरंगजेब एक क्रूर शासक था, उसकी चर्चा करना ही व्यर्थ है।

## पीएम मोदी ने सीएम उमर अब्दुल्ला को दीं जन्मदिन की शुभकामनाए

नई दिल्ली(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का आज जन्मदिन है। वह अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम उमर अब्दुल्ला को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। बता दें कि उमर अब्दुल्ला का जन्मदिन 10 मार्च को मनाया जाता है। आज वे अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, जिसमें उनकी सेहत, लंबी उम्र की कामना की है। उमर अब्दुल्ला वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं और नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के प्रमुख नेता हैं।ज्ञात हो कि अक्टूबर, 2024 को उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, जो अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से इस क्षेत्र में पहली निर्वाचित सरकार है।उमर अब्दुल्ला बहुत ही महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवार से हैं। उनके दादा, शेख मोहम्मद अब्दुल्ला, कश्मीर के शेर के रूप में जाने जाते थे और जम्मू-कश्मीर के पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक व्यक्तियों में से एक थे। 1939 में, उन्होंने जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस की स्थापना की थी। उनके पिता, फारूक अब्दुल्ला, कई बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे। उमर अब्दुल्ला ने 1998 में 12वीं लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद लाल चौक निर्वाचन क्षेत्र से सबसे कम उम्र के सांसद के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया था।






दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में एबीवीपी द्वारा आयोजित छात्र संसद कार्यक्रम को संबोधित किया।

## होली तक मौसम भी बदलेगा रंग,पश्चिमी विक्षोभ से हो सकती है बर्फबारी व बारिश

नई दिल्ली,(ए)। होली तक फिर मौसम में बदल सकता है। पहाड़ों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी के मुताबिक 14 मार्च तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी से एक बार फिर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे आ सकता है, जिससे दिन में शीतलहर जैसी स्थिति सकती है विभाग के मुताबिक 12 से 15 मार्च तक पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। 13 से 14 मार्च तक दिल्ली-एनसीआर समेत पड़ोसी राज्यों में बादलों की आवाजाही रहेगी। इस दौरान बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति यूपी, बिहार और राजस्थान के आसपास भी बनी रह सकती है। एक अनुमान के मुताबिक उत्तर पूर्व राज्यों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय होने से अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, केरल और असम में हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों के साथ-साथ सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों में हवा तेज हो सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली में दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। हालांकि, इस सप्ताह पहाड़ों में फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदलने की संभावना है। 14 मार्च को बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो भी सकती है। आईएमडी के मुताबिक यूपी में 13 मार्च को 12 जिलों में बारिश की संभावना है। हल्की से मध्यम हवाएं चलने से ठंड का अहसास बना रहेगा। हालांकि, अब हवाओं की गति कम होने से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। बिहार में



कभी गर्मी, कभी ठंड तो कभी बारिश का मौसम बना हुआ है। आईएमडी ने राज्य में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और बिजली चमकने व गरज के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। बादलों के कारण तापमान में बढ़ोतरी होगी।

राजस्थान के कई इलाकों में तापमान बढ़ने लगा है, जहां पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान सीमावर्ती बाड़मेर में 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक इस सप्ताह राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहेगा। उत्तराखंड में अगले 24 घंटे में बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड में 12 मार्च को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में बारिश की संभावना है। 13 मार्च को यूएस नगर और हरिद्वार को छोड़कर शेष सभी जिलों में बारिश का अनुमान है। वहीं हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई हिस्सों में लगातार पांच दिन तक बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया गया है।

## कार और ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत, 5 लोगों की मौके पर मौत; शवों की नहीं हो पाई पहचान


बस्ती (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बस्ती में सोमवार को एक सड़क हादसे की जानकारी सामने आई है। यहां तेज रफ्तार ट्रक की कार से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामला नगर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के नेशनल हाईवे का है। बताया जा रहा है कि राजस्थान नंबर (आरजे18जीबी5710) का ट्रक बस्ती से अयोध्या की तरफ जा रहा था। इसी दौरान ट्रक चालक ने लेन बदलने की कोशिश की, तभी अयोध्या से बस्ती की तरफ जा रही कार की उससे जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं, हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही उन्होंने हादसे में घायल हुए तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, अभी मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

## भगोड़े ललित मोदी को झटका : वानुअतु की नागरिकता रद्द, पीएम जोथम ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। भगोड़े कारोबारी ललित मोदी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। वानुअतु सरकार ने उनकी नागरिकता रद्द कर दी है। वानुअतु के प्रधानमंत्री जोथम नापाट ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए ललित मोदी का पासपोर्ट भी रद्द करने का फैसला लिया है। यह कदम ललित मोदी के खिलाफ उठाए गए अंतरराष्ट्रीय कानूनी कार्रवाई का हिस्सा है, जिन्होंने भारत में कई गंभीर आरोपों का सामना किया है। ललित मोदी IPL (इंडियन प्रीमियर लीग) के पूर्व चेयरमैन रहे हैं, लेकिन 2010 में भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों के चलते उन्हें देश छोड़कर जाना पड़ा था.भारत सरकार कई बार इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग कर चुकी है, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया. वनुआतू की नागरिकता मिलने के बाद ललित मोदी और सुरक्षित हो गए थे, लेकिन अब जब वनुआतू ने भी उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का फैसला कर लिया है, तो यह ललित मोदी के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

# अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा, गांधीनगर में अमित शाह ने किया एलान

अहमदाबाद, (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में मिथिलांचल और बिहार के लोगों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का केंद्र रहा है। अहमदाबाद में 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' को संबोधित करते हुए अमित शाह ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाने का भी वादा किया।




अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर तो बन गया है, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। उन्होंने आगे कहा कि यह मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह बताएगा कि जीवन को हर तरह से आदर्श कैसे बनाया जा सकता है।केंद्रीय मंत्री ने गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे राज्य में पूरी तरह से सुरक्षित, सम्मानित और स्वागत योग्य हैं। उन्होंने गुजरात के विकास में उनके योगदान की विशेष रूप से प्रशंसा की। मिथिला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह भूमि रामायण और महाभारत काल से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है। उन्होंने प्राचीन विदेह साम्राज्य को लोकतंत्र की जननी बताया।

उन्होंने महात्मा बुद्ध के कथन को याद करते हुए कहा, महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिलजुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता।

अमित शाह ने मिथिलांचल को लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र ने वर्षों तक पूरे देश को अपना संदेश दिया है। उन्होंने मिथिलांचल को 'शास्त्रार्थ' (विद्वानों की सभा) की भूमि भी बताया और जानकारी दी कि भारत के छह प्रमुख दर्शनों में से चार मिथिलांचल से ही आए हैं।

## हिमाचल प्रदेश : पांवटा साहिब में धूमधाम से मनेगा होला मोहल्ला, दुल्हन की तरह सजेगा गुरुद्वारा

पांवटा साहिब (आरएनएस)। सिख धर्म के पावन पर्व होला मोहल्ला को लेकर पांवटा साहिब में तैयारियां जोरों पर हैं। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पांवटा साहिब को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। 11 से 15 मार्च तक विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से श्रद्धालु शामिल होंगे। प्रबंधक कमेटी ने बताया कि पांवटा साहिब गुरु की धरती है, जहां दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने जीवन के चार वर्ष बिताए थे और यहीं से भगानी का ऐतिहासिक युद्ध लड़ा गया था। इस बार होला मोहल्ला को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केवल लाइटिंग का कार्य बाकी है, जबकि गुरुद्वारे की सजावट पूरी हो चुकी है।



नई दिल्ली में गाजीपुर सब्जी मंडी के पास 32 वर्षीय रोहित चावड़ा की गोली मारकर हत्या करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर गाजीपुर के निवासियों ने अक्षरधाम-गाजियाबाद मार्ग को जाम कर दिया।

## सोना तस्करी मामले में अदालत में पेश हुईं रान्या राव, कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा




सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी रान्या उर्फ रान्या राव को सोमवार को आर्थिक अपराधों के लिए एक विशेष अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अभिनेत्री पूछताछ के लिए तीन दिनों तक राजस्व खुफिया निदेशालय की हिरासत में थी। सोमवार को डीआरआई अधिकारियों ने उसे अदालत में पेश किया। डीआरआई ने जानकारी देते हुए कहा कि उसने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रान्या राव से 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की सोने के बार जब्त किए हैं।

हाल ही में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को दुबई से सोने की तस्करी दुबई से सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अब इस मामले में नई जानकारी सामने आ रही है। कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) ने कहा है कि रान्या को फरवरी 2023 में पिछली भाजपा सरकार द्वारा स्टील प्लांट लगाने के लिए भूमि आवंटित की गई थी। बोर्ड ने उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें अभिनेत्री से जुड़ी एक कंपनी को 2023 में केआईएडीबी द्वारा 12 एकड़ औद्योगिक भूमि आवंटित की गई थी।

## स्टंट दिखाती नजर आएंगी मल्लिका, रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' से जुड़ने की खबर



अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने साल 2002 में आई फिल्म 'जीना सिर्फ मेरे लिए' से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया। हालांकि, 2004 में आई फिल्म 'मर्डर' से उन्हें पहचान मिली। काफी लंबे वक्त तक इंडस्ट्री से दूर रहने के बाद मल्लिका ने बीते साल 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' से कमबैक किया। उन्हें लेकर खबर है कि वे 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आएंगी।

**आधिकारिक जानकारी का इंतजार**

मल्लिका शेरावत को पहले भी इस स्टंट रियलिटी शो की पेशकश की जा चुकी हैं, मगर अपनी वर्क कमिटमेंट के चलते उन्होंने इसका हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। मगर, मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक इस बार संभावनाएं बनती दिख रही हैं। मल्लिका के इस शो से जुड़ने की कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

**इन सितारों से भी किया गया संपर्क**


खतरों के खिलाड़ी शो को लंबे वक्त से रोहित शेट्टी होस्ट कर रहे हैं। मल्लिका को इस शो से जुड़ने का ऑफर पहले भी दिया जा चुका है। लेकिन, पहले उन्होंने मना कर दिया। इस बार उनकी तरफ से सकारात्मक संकेत दिया जा रहा है। मल्लिका के अलावा एल्विश यादव, अविनाश मिश्रा, ओरी, दिग्विजय सिंह, सिद्धार्थ निगम और गुल्की जोशी समेत कई और सितारों को भी शो के लिए अप्रोच किया गया है।

शबाना आजमी को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने किया सम्मानित

**इस महीने शुरू होने की संभावना**

रिपोट्र्स के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग मई 2025 में शुरू होने वाली है। इस साल जून या जुलाई के आसपास इसका प्रीमियर होने की उम्मीद है। मालूम हो कि खतरों के खिलाड़ी का पिछला सीजन यानी च्च्च्14 को करणवीर मेहरा ने जीता था।

## विकी मेरी जिंदगी में बहुत अहमियत रखते हैं : कटरीना कैफ





मुंबई (ए.)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ और विकी कौशल की जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। दोनों की शादी को अब दो साल हो चुके हैं, और अक्सर दोनों एक-दूसरे के बारे में प्यार भरी बातें करते नजर आते हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कटरीना ने विकी की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनकी जिंदगी में बहुत अहमियत रखते हैं। कटरीना ने बताया कि जब भी वह मानसिक रूप से खुद को कमजोर महसूस करती हैं, तो योगा और कार्डियो से खुद को संतुलित करती हैं। उनके मुताबिक, फिटनेस ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि मुझे मेरे अलावा और कोई खुश नहीं कर सकता। लेकिन हां, मेरे पति जरूर ऐसा कर सकते हैं। विकी कभी-कभी कुछ ऐसा कर जाते हैं जिससे मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। वह बहुत प्यार करने वाले इंसान हैं और हमेशा मेरी तारीफ करते रहते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि उनके दिमाग में हमेशा बहुत कुछ चलता रहता है, इसलिए उसे शांत रखने के लिए वह मेडिटेशन, प्राणायाम और किताबें पढ़ने का सहारा लेती हैं। कटरीना के मुताबिक, मेडिटेशन करने से उन्हें अपने विचारों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और वह ज्यादा सकारात्मक महसूस करती हैं। अपनी मां की खूबसूरती का राज बताते हुए कटरीना ने कहा, मेरी मां ने अपनी पूरी जिंदगी में कभी मेकअप नहीं लगाया, फिर भी वह बहुत खूबसूरत लगती हैं। उनकी खूबसूरती का सिर्फ एक ही राज है—उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा।

उन्होंने हमेशा हर मुश्किल को हंसते-हंसते पार किया है। इसके अलावा, कटरीना ने अपने ससुराल और खासतौर पर अपनी सासू मां के बारे में भी बातें कीं। उन्होंने बताया कि उन्हें खाने में पैनकेक्स बहुत पसंद हैं और अक्सर वह नाश्ते में यही खाती हैं। लेकिन हाल ही में उन्होंने अपनी सासू मां के हाथ से बने मक्खन पराठे भी खाना शुरू कर दिया है, जो उन्हें बेहद स्वादिष्ट लगते हैं। कटरीना के इस इंटरव्यू के बाद उनके फैंस एक बार फिर उनके फिटनेस और पॉजिटिव लाइफस्टाइल से प्रभावित हो गए हैं।

# गाने के बीट्स को लेकर आलिया-जेनी के फैंस के बीच छिडा विवाद

हाल ही के-पॉप बैंड ब्लैकपिंक की सिंगर जेनी ने अपने नए गाने लाइक जेनी का टीजर जारी किया। इसके बाद बालीवुड एक्ट्रेस आलिया भटट और सिंगर जेनी के फैंस के बीच विवाद छिड गया। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब आलिया भट्ट के फैंस ने गाने के बीट्स को फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने रानी थीम से मिलता-जुलता बताया। इसके बाद दोनों सितारों के फैंस के बीच बहस छिड़ गई, जो जल्द ही जातिवादी और नस्लवादी टिप्पणियों तक पहुंच गई। जेनी के समर्थन में उनके फैंस ने आलिया भट्ट और भारत के खिलाफ आपत्तिजनक कमेंट्स की बौछार कर दी। एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फैंस के बीच जबरदस्त बहस छिड़ गई। कुछ यूजर्स ने आलिया की पुरानी तस्वीरें शेयर कर उनका मजाक उड़ाया, जबकि अन्य ने भारत की सफाई और शिक्षा व्यवस्था पर नस्लवादी टिप्पणियां कीं।

आलिया भट्ट के एक गुस्साए फैन ने एक्स पर लिखा, तुम्हें पता भी है वह कौन हैं? उनकी फिल्म आरआरआर ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुई थी, और नाटू नाटू गाने ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता था। वह गुच्ची की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर हैं और मेट गाला में अपने देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब बताओ, तुम्हारी फेवरेट ने क्या हासिल किया? वहीं, एक अन्य यूजर ने विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए लिखा, आलिया का गाने के प्रोडक्शन या सिंगिंग से कोई लेना-देना नहीं है। वह सिर्फ फिल्म की एक्ट्रेस थीं, गाने को प्रीतम ने कंपोज किया था। फैंस को इसे सिर्फ म्यूजिक तक सीमित रखना चाहिए, न कि निजी हमलों तक ले जाना चाहिए।

एक रेडिट यूजर ने के-पॉप फैंस पर कटाक्ष करते हुए लिखा, मैं इसे जनरलाइज नहीं करना चाहता, लेकिन के-पॉप और टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनिया के सबसे आक्रामक फैनबेस में से एक हैं। वे किसी को भी ट्रोल कर सकते हैं, बिना किसी तर्क के। हालांकि, दोनों पक्षों के कुछ समझदार फैंस ने मामले को शांत करने की भी कोशिश की। एक फैन ने लिखा, फैन होने का मतलब यह नहीं कि आपको नस्लवादी होना चाहिए। आप बिना नफरत के भी अपने फेवरेट सेलेब्रिटी का बचाव कर सकते हैं।

## टाइगर श्रॉफ ने फिल्म बागी 3 की यादें ताजा की



बालीवुड की एक्शन से भरपूर फिल्म बागी 3 को रिलीज हुए पांच साल पूरे हो गए हैं। एक्टर टाइगर श्रॉफ ने इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर फिल्म की यादें ताजा की। साथ ही फिल्म के प्रति अपने समर्पण और मेहनत को दर्शाने वाली एक इमोशनल पोस्ट साझा की।

उन्होंने शूटिंग के दौरान आई चुनौतियों और बलिदानों को याद करते हुए लिखा, यह फ्रैंचाइज़ी... खून, पसीना, आत्मा और कभी-कभी आंसू, बागी 3, पांच साल। टाइगर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की कुछ अनदेखी तस्वीरें भी साझा कीं। पहली तस्वीर में वह अपने शानदार एब्स और फिजीक फ्लॉन्ट करते हुए जबरदस्त एक्शन सीन करते नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में श्रद्धा कपूर उनके साथ दिख रही हैं, जबकि कुछ अन्य तस्वीरों में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस को कैद किया गया है। आखिरी फोटो में टाइगर, श्रद्धा, रितेश देशमुख और अंकिता लोखंडे समेत फिल्म की पूरी कास्ट के साथ नजर आ रहे हैं। बागी 3, जिसे अहमद खान ने निर्देशित किया था और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया था, तमिल फिल्म वेट्टई का आंशिक रीमेक थी। यह फिल्म बागी फ्रैंचाइज़ी की तीसरी कड़ी थी, जिसमें टाइगर ने रॉनी का किरदार निभाया था। फिल्म की कहानी रॉनी के बड़े भाई विक्रम (रितेश देशमुख) के अपहरण के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे बचाने के लिए वह सीरिया तक पहुंच जाता है। फिल्म 6 मार्च 2020 को रिलीज़ हुई थी और इसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी।

मालूम हो कि टाइगर श्रॉफ बागी 4 की रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अपने जन्मदिन के मौके पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया, जिसमें उनका इंटेंस लुक दिख रहा है। पोस्टर में उनके माथे से खून टपक रहा है और उनके मुंह में एक सिगरेट है, जो उनके किरदार के नए अवतार को दर्शा रहा है। टाइगर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, रॉनी का यह नया अवतार देखने लायक होगा। उम्मीद है कि दर्शक मुझे वैसे ही अपनाएंगे, जैसे उन्होंने आठ साल पहले किया था।

## शॉपिंग के दौरान इन चीजों का रखें ध्यान, वरना बिगाड़ सकता है आपका बजट



शॉपिंग का शौक हर किसी को होता है, ऐसे में कई बार हम बाजार या दुकान से आंख मूंदकर ढेर सारा सामान घर ले आते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल कम होता है. साथ ही यह हमारा बजट भी बिगाड़ देता है. लेकिन कम पैसों में और सही तरीके से शॉपिंग कैसे की जाए, यह हर किसी को जानना बहुत जरूरी है. आइए हम आपको इस लेख में बताते हैं कि शॉपिंग करते समय आपको किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए.

**खरीदारी में जल्दबाजी न करें**

हम ज़्यादातर खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, जिससे हमें कुछ ज़रूरी चीज़ों पर छूट मिल जाती है और कुछ बेकार की चीज़ें घर पर आ जाती हैं, जिससे समय और पैसे दोनों बर्बाद होते हैं. इसलिए शॉपिंग करने से पहले ही लिस्ट बना लें और उसके बाद ही खरीदारी करें.

**शॉपिंग करने से पहले चेक करें अलमारी**

जब भी आप खरीदारी के लिए बाहर जाएं तो आप सिर्फ वही चीजें खरीदें जिनकी आपको जरूरत है. अगर आप दुपट्टा खरीदने जा रही हैं तो एक बार अपनी अलमारी जरूर चेक कर लें. एक जैसे रंग-बिरंगे और मिलते-जुलते दुपट्टे न खरीदें.

**कपड़ों की सही पहचान करें**

कपड़ों की खरीदारी करते समय मौसम की पसंद आदि का ध्यान रखें ताकि आप भ्रमित न हों और सही कपड़ों की पहचान भी कर सकें. सूती कपड़ों का रंग धोने के बाद बदल सकता है, इसलिए उन्हें खरीदने से पहले दुकानदार से पूछ लें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका रंग फीका न पड़े. ये शॉपिंग टिप्स आपको कम समय में बेहतर चीज खरीदने में मदद कर सकते हैं. इसके अलावा दुकानदार से पक्का बिल लेना बिल्कुल ना भूलें.

# टाई बांधने में होती हैं दिक्कत, तो अपनाएं ये आसान टिप्स



इन दिनों फॉर्मल कपड़ों का दौर काफी ज्यादा चल रहा है. जिसमें टाई इन्हीं कपड़ों का हिस्सा है. वो टाई जो होती तो छोटी सी है लेकिन पूरे लुक को बिलकुल बदल कर रख देती है. आज भी ज्यादातर लोग इसकी नॉट बनाना नहीं जानते हैं. वो या तो किसी से बंधवा कर टाई पहले से तैयार करवा लेते हैं या फिर हर रोज किसी के सामने खड़े होते हैं कि 'जरा टाई की नॉट बांध दो' काफी ज्यादा अजीब लगता है.

**फॉलों करें ये आसान टिप्स**

टाई बांधने के लिए आपको सबसे पहले टाई के चौड़े हिस्से को दाईं ओर करना होगा और पतले हिस्से को बाईं ओर करना होगा. जरुरी नहीं है कि आप यही पोजीशन बनाए, अगर आप बांए हाथ से ज्यादा काम करते हैं तो ये पोजीशन बदल भी सकते है.

चौड़े हिस्से को पतले हिस्से की ओर ले आइए. अब इसमें तीन हिस्से बन जाएंगे, बायां, दायां और बीच का चौड़े हिस्से को पतले हिस्से की ओर लाते हुए इसे कॉलर के करीब रखिए, लेकिन ध्यान रहे कि टाई ट्विस्ट बिल्कुल ना हो.

चौड़े हिस्से के नीचे वाले भाग को पतले हिस्से के नीचे वाले भाग की ओर लाएं. टाई की पोजीशन बिगड़नी नहीं चाहिए और न ही ये ट्विस्ट हो इस बात का ध्यान रखें.

अब पिछले दो स्टेप को दोहराएं. पहले चौड़े हिस्से को ऊपर और फिर पतले हिस्से के नीचे लाएं. आप चौड़े हिस्से के निचले भाग को पतले हिस्से के निचले भाग पर लपेट दें. ऐसे दो बार करें. चौड़े हिस्से को नॉट के नीचे से बीच में लाएं. इसे अपनी गर्दन और नॉट में बने गैप के बीच से बाहर निकालें. इसको बाहर लाते हुए पतले वाले हिस्से को भी पकड़ कर रखें, ताकि नॉट टाइट रहे ढीली न हो.अब चौड़े हिस्से को सामने के लूप से नीचे लाएं. इसे टाई के सबसे ऊपर वाले क्रॉस के ठीक नीचे रखें. इससे सही जगह पहचानने और टक करने में आसानी होगी.एक हाथ का इस्तेमाल करके पतले हिस्से को नीचे लाएं. दूसरे हिस्से से नॉट को ऊपर ले जाएं. ये कॉलर के बीच में आ जाएगी. टाई को तब तक खींचें, जब तक ये कॉलर के ऊपर टाइट न हो जाए.अब टाई बंध गई है लेकिन ध्यान रहें कि टाई ऐसी जगह पर बांधें कि सबसे ऊपर वाला बटन नजर ही न आए. अब कॉलर को नीचे कर लें.

## ट्रेडिशनल लुक में कहर बरपाती दिखीं प्रज्ञा जैसवाल, एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर लगाया हॉटनेस का तड़का



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड कर के इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी शोख अदाएं देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। हाल ही में प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने बेहद ही खूबसूरत ब्लू कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों का बन बनाकर, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनकी ये कातिल अदाएं देख लोगों की नजरें नहीं हट रही है।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत हितग्राही सम्मेलन आयोजित

### 22 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को आवास निर्माण की दी गई तकनीकी जानकारी

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन कि निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए क्लस्टर लेवल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित



किया जा रहा है, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जा सके तथा आवासों का निर्माण समय सीमा में हो सके। सम्मेलन में मकान का नक्शा लेआउट सहित चरण दर चरण निर्माण की पूरी जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में भैरूंदा जनपद के ग्राम राला में 11 ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों तथा सीहोर जनपद के ग्राम थूनाकला में 11 ग्रामों के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सीहोर जिले को 24,388 आवासों का नवीन लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य के तहत सीहोर जिले में नवाचार कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए जिले के प्रत्येक कलस्टर में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजित हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों एवं आमजनों को आवास योजना के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रथम किस्त में प्लिंथ निर्माण के लिए 25,000 रूपये, दूसरी किस्त में दीवार चुनाई के लिए 40,000 रूपये, तीसरी किस्त में छत निर्माण के लिए 40,000 रूपये, चौथी किस्त में मनरेगा एवं मजदूरी भुगतान के लिए 35,000 रूपये की राशि प्रदान की जाती है।

# आशा ऊषा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर किया चक्काजाम

## पंद्रह सूत्रीय मांगों लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



सीहोर (निप्र)। अपनी पंद्रह सूत्रीय मांगों लेकर सोमवार को आशा ऊषा संयुक्त मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। भोपाल नाका से बस स्टेड जाने वाली प्रमुख्र फोरलेन सड़क पर जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की कतारे लग गई तो अनेक वाहन चालको को रास्ता बदल कर जरूरी स्थान तक जाना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान भेदभावपूर्ण तरीके से आशा एवं पर्यवेक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान रोके जाने के विरोध में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। संयुक्त मोर्चा ने जिलाध्यक्ष चिंता चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को दिया।आशा ऊषा सहयोगिनी एकता यूनियन संयुक्त मोर्चा ने कहा कि 29 जुलाई 2023 को भोपाल में विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति तथा हजारों आशा एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में आयोजित महा सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा आशा एवं पर्यवेक्षकों के लिये 1,000 रुपये का वार्षिक वेतन वृद्धि करने की घोषणा की गई थी लेकिन आज तक इस घोषणा को पूरा नहीं किया गया है। जबकी इस संबंध में 2 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विधिवत आदेश जारी किया गया था। मुख्यमंत्री को घोषणा का लगभग 2 वर्ष होने को है इसके बावजूद विभाग एवं सरकार के द्वारा आशा एवं पर्यवेक्षकों के वार्षिक वेतन वृद्धि के भुगतान को भेदभावपूर्ण तरीके से रोका जा रहा है।जबकी मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाडी कर्मियों के लिये भी इसी तरह वार्षिक वेतन वृद्धि की घोषणा किया था उन्हें जुलाई 2024 से 1,000 रुपये वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान किया जा रहा है, लेकिन आशा एवं पर्यवेक्षकों के वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान को रोक कर रखा जा रहा है। आशा ऊषा आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश द्वारा सरकार के इस रवैये के खिलाफ विधानसभा सत्र के प्रथम दिन प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करते हुये भेदभावपूर्ण रवैया समाप्त कर आशा एवं पर्यवेक्षकों का एक हजार रुपये का वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान कराया जाने सहित अन्य मांगों का निराकरण कराए जाने की मांग की गई। प्रदर्शन में जिले भर की आशा ऊषा पर्यवेक्षकों शामिल रही।

## नरवाई जलाने पर 2500 से 15 हजार तक लगेगा जुर्माना

### खेतों में नरवाई जलाने पर होगी कार्रवाई सैटेलाईट से नरवाई जलाने की मॉनिटरिंग

सीहोर (निप्र)। पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशों के अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषत: धान एवं गेंहूँ की फसल कटाई



उपरांत फसल अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में जारी निर्देशों के उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने के विरूद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दण्ड का प्रावधान निर्धारित किया गया है। विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक व्यवस्था बनाकर बेहतर पर्यावरण जन स्वास्थ्य एवं जीव-जन्तुओं की जीवन सुरक्षा प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें।

## बौद्धगया का संपूर्ण रखरखाव बौद्धों को सौंपा जाए-वीरेंद्र सिंह




सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय बौद्ध महासभा जिला इकाई सीहोर द्वारा बोधगया में चल रहे महाबोधि बिहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में ज्ञापन महामहीम राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर आनन्द राजावत को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि महाबोधि बिहार का संपूर्ण रखरखाव बौद्धों के हाथ में सौंपा जाए। जिस प्रकार मस्जिदों का रखरखाव मुसलमानों के हाथ में होता है, मंदिरों का रखरखाव हिंदुओं के हाथ में होता है, इसी प्रकार संपूर्ण बौद्ध बिहारों का रखरखाव भी बौद्धों के हाथ में होना चाहिए। बोधगया स्थित महाबोधि बुद्ध बिहार जहां तथागत बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यह स्थान दुनिया के बौद्धों के लिए आस्था का केंद्र है। उक्त महाबोधि बिहार को गैर बौद्धों से मुक्त कराकर संपूर्ण रखरखाव एवं देखरेख की जिम्मेदारी का एकाधिकार बौद्धों को होना चाहिए की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा वीरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष धम्म सेवक संघ सहयोगी संगठन राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से महेश सूर्यवंशी, मिथुन जांगड़े, विक्की महोबिया, ओम प्रकाश सूर्यवंशी, रोहित महोबिया, पवन मंगरोलिया, ऋतिक जाटव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# करों की राशि से ही नगर का विकास होता-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

### नपा ने चलाया बकाया वसूली के लिए अभियान, अधिक वसूली करने वालों का किया सम्मान



सीहोर (निप्र)। पिछले कई सालों से नगर पालिका के संपत्ति कर और जलकर जमा नहीं होने से करोड़ों रुपए का बकाया है, इसके लिए नगर पालिका ने विशेष अभियान चलाया है।

जिससे नगर पालिका को करीब एक करोड़ 73 लाख की वसूली प्राप्त है। वहीं सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने राजस्व प्रभारी संजय शुक्ला सहित अन्य की उपस्थिति में वार्डों में सबसे अधिक वसूली करने वाले वार्ड प्रभारियों को सम्मानित किया। इसमें वार्ड क्रमांक 25 के प्रभारी अनुभव सिंह ने करीब 25 लाख 84 हजार रुपए की वसूली की है। दूसरे नंबर पर बाबूलाल वर्मा ने 22 लाख 70 हजार और राजदीप सिंह ने करीब 16 लाख 35 हजार रुपए की वसूली कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा इस अभियान में सभी का सहयोग करने पर अन्य वार्डों के प्रभारियों का सम्मान किया गया।

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि निकाय की बकाया जलकर, संपत्तिकर जमा करने आए बकायादारों से आग्रह करते हुए कहा कि निकाय की बकाया राशि समय रहते जमा करावें, क्योंकि आपके द्वारा जमा की जाने वाली करों की राशि से ही नगर का विकास होता है, वहीं मूलभूत आवश्यकओं व सुविधाओं को उपलब्ध भी निकाय आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से ही कराती है।

आप सभी प्रत्येक माह अपने नलकर एवं संपत्तिकर की राशि जमा करावें, ताकि आपके ऊपर भी भार न हो और आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से नगरपालिका और अधिक तेजी से नगर का विकास कर सकेंनगर में लोगों से नपा को अपने विभिन्न करों का करोड़ों रुपए की राशि का बकाया वसूलना है। इसके लिए नपा ने पूर्व में उपभोक्ताओं पर न्यायालयीन कार्रवाई तक की है। लोक अदालत के माध्यम से राशि वसूली गई है। अब नपा जिन लोगों पर अब भी विभिन्न करों की राशि बकाया है, उनसे वह राशि वसूलने घर-घर जाकर तथा प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर वसूलेगी।

## एक्सीडेंट से मृतक आदिवासी परिवार को आष्टा न्यायालय से क्लेम के मिले 13 लाख में से 5.5 लाख दो वकीलों ने हड़पी, वापस दिलाये जाने की मांग

### सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष खंगराले के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिला पीड़ित परिवार

सीहोर (निप्र)। आदिवासी पीड़ित आवेदिका श्रीमती सुनीता पत्नि कमलसिंह कोरकु मृतक पिता अनार सिंह कोरकु एंव माँ श्रीमती लीलाबाई कारकु, मृतक के बच्चे पूजा, भावना, सलोनी, सतीष निवासी ग्राम देवली, थाना व तहसील आष्टा, जिला सीहोर म.प्र. द्वारा सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में जिले के पुलिस अधीक्षक दीप कुमार शुक्ला से मिले। पीड़ित परिवार ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मृतक कमलसिंह कोरकु का एक्सीडेंट में निधन हो गया था। मृतक का क्लेम हेतु प्रकरण आष्टा न्यायालय में जिसकी पेरवी योगेन्द्र ठाकुर एवं सीताराम परमार द्वारा की गई थी। हाल ही में आष्टा न्यायालय द्वारा 13 लाख रूपये क्लेम राशि पीड़ित परिवार को दिये जाने के आदेश हुए, जिसमें 7.5 लाख रूपये मृतक की पत्नि तथा 4 बच्चे एवं मृतक के माता-पिता के नाम न्यायालय द्वारा बैंक आफ इंडिया में एफडी कराई गई तथा शेष नगद राशि 5.5 रूपये दोनों वकिलों द्वारा हड़प लिये गये। पीड़ित परिवार द्वारा कई बार वकिलों से महंताना राशि कितनी लोगे के सम्बंध में पूछा गया और वकिलों द्वारा गोल-माल जवाब देते हुए कहा गया कि राशि मिलने पर बैठ कर बात कर लेगें।

## रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज 11 कंपनियों द्वारा 2368 पदों पर की जाएगी युवाओं की भर्ती

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र एवं आईटीआई द्वारा 11 मार्च 2025 को सीहोर स्थित डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रात: 10:30 बजे से 04 बजे तक युवा संगम के तहत रोजगार-स्वरोजगार एंव अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में 11 कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रीकल्स, फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव, क्वालिटी प्रोडक्शन ऑपरेटर, बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट, ग्राफिक डिजाइनर, कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव, मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपर, सिक्योरिटी गार्ड, मशीन ऑपरेटर सहित अन्य 2368 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

# निर्माण कार्यो के दौरान न पहुंचे अन्य विभागों की संपत्ति को क्षति : कलेक्टर बालागुरु के.

### आईएफएमआईएस से शासकीय सेवकों को समग्र डाटा शीघ्र लिंक कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

### ई-ऑफिस प्रणाली के लिए शीघ्रता से कार्यवाही करें सभी जिलाधिकारी -कलेक्टर




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा वाले विभागीय पत्रों और शासकीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण और त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अपनी उच्च रैंक बनाए रखें। कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे तथा रेलवे सहित विभिन्न परियोजना के भू-अर्जन और मुआवजा वितरण का कार्य तेजी से करें, ताकि परियोजनाओं का काम जल्द शुरू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टे धारकों के फौती नामांतरण की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य अधिकारी को राशन का नियमित उठाव तथा शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सभी वीआरसी को निर्देश दिए कि मध्यान भोजन का हर माह शत-प्रतिशत उठाव किया जाए।

कलेक्टर बालागुरू के ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी जिलों में ई ऑफिस प्रणाली लागू की जाना है ताकि कार्यालयों के कामकाज को पेपरलेस किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वह अपना आधिकारिक आईडी हैड ऑफिस से क्रियेट कराकर एनआईसी को तत्काल उपलब्ध कराएं। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ तथा जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि सबसे कम प्रगति वाले वार्डों एवं ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है इसलिए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बजट आवंटन का पूर्ण उपयोग किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम जमील खान, तन्यम वर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्माण के दौरान न पहुंचे अन्य विभागों की संपत्ति को क्षति

कलेक्टर बालागुरू के. ने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, जल संसाधन, आरईएस, पीएचई, जल निगम, विद्युत वितरण कंपनी सहित सभी निर्माण विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों जैसे सड़क निर्माण, विद्युत पोल एवं जलापूर्ती की पाइपलाइन डालते समय विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए कि दूसरे विभागों की संपत्ति को क्षति न पहुंचे तथा आमजन को मिलने वाली सेवाएं बाधित न हो। उन्होंने कहा कि यदि क्षति पहुंचे तो तत्काल उसकी मरम्मत की जाए।

# जिले में चलाया जा रहा है दस्तक अभियान का दूसरा चरण

सीहोर (निप्र) शासन के निर्देशानुसार जिले में 18 फरवरी से 18 मार्च 2025 तक दस्तक अभियान का द्वितीय चरण चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा



समन्वित सेवाएं दी जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान के तहत शून्य से 5 वर्ष आयु के लगभग 1,35,669 बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण का डोज दिया जा रहा है। इसके साथ ही अभियान के प्रथम चरण में चिन्हांकित किए गए 06 माह से 5 वर्ष के लगभग 84,525 बच्चों को डिजीटल हिमोग्लोबीनो मीटर द्वारा जाँच का प्रबंधन किया जा रहा है। इस अभियान की जिला एवं विकासखंड स्तर पर सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है।

# जिला स्तरीय सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता सम्पन्न




सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला पॉवर लिफ्टिंग ऐसोसिऐशन के तत्वाधान में सीहोर जिला मुख्यालय के चर्च जिला खेल अधिकारी परिसर चर्च ग्राउण्ड पर पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सब चुनियर कार्तिक चौहन 53 किग्रा वर्ग में प्रथम, ध्रुव सिंह ठाकुर 59 किग्रा वर्ग में प्रथम, चिराग अरोरा 59 किग्रा वर्ग में द्वितीय, वरूण जांगेट 59 किग्रा जुनियर वर्ग में प्रथम, मानस दहोलिया 59 किग्रा वर्ग द्वितीय, हर्षित सोनी 59 किग्रा जुनियर वर्ग में तृतीय, विकास वारिया 66 किग्रा वर्ग में प्रथम, प्रदुमन माथुर 66 किग्रा जुनियर वर्ग में द्वितीय, समीर कुशवाह 66 किग्रा जुनियर वर्ग तृतीय, पृथ्वी मांझी 74 किग्रा सबजुनियर वर्ग में प्रथम, आलोक राठौर 74 किग्रा जुनियर वर्ग में प्रथम, आशीर्वाद सिंह 74 किग्रा जुनियर वर्ग में द्वितीय, सौरभ देवलिया 74 किग्रा जुनियर वर्ग में तृतीय, सुजीत इमले 83 किग्रा सबजुनियर वर्ग में प्रथम, गौतम धाकड़ 83 किग्रा सबजुनियर वर्ग द्वितीय, सौरभ परमार 83 किग्रा जुनियर वर्ग में प्रथम, विजय मालवीय 83 किग्रा जुनियर वर्ग में द्वितीय, ऋषभ पंवार 83 किग्रा जुनियर वर्ग में तृतीय, ऋषभ सगवालिया 93 किग्रा सबजुनियर वर्ग में प्रथम, अमन माली 93 किग्रा जुनियर वर्ग में प्रथम, शशि कुशवाह 93 किग्रा जुनियर वर्ग द्वितीय, विराज घेंघट 105 किग्रा जुनियर वर्ग में प्रथम, जितेन्द्र कुशवाहा 120 किग्रा जुनियर वर्ग में प्रथम, महिला वर्ग में अपूर्वा संदीप जैन 43 किग्रा जुनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर सीहोर जिले गौरवान्वित किया है।

सीहोर जिला पॉवर लिफ्टिंग ऐसोसिऐशन के सचिव सत्यनारायण वारिया ने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन कर सभी विजेता खिलाडियों को मेडल प्रदान किये गये एवं सबजुनियर वर्ग में सबसे अधिक वजन उठाकर स्ट्रांगमेन बने ध्रुव ठाकुर एवं जुनियर वर्ग सबसे अधिक वजन उठाकर स्ट्रांगमेन बने विराज घेंघट, महिला वर्ग में अपूर्वा संदीप जैन के स्ट्रांगवुमेन बनने पर ट्राफी प्रदान की गई। श्री वारिया ने बताया कि जिन खिलाडियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वह प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखायेगें। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सभी खिलाडियों को शुभकामनऐं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विजेता खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाऐं देने वालों जिला खेल अधिकारी श्रीमती रूबिका दिवान, भारत सोनी, नितिन शर्मा, सुमित गिरोठिया, प्रतीक नामदेव, दिपेश शर्मा, अंकित शर्मा, सोनू खान, बाबूलाल धुर्वे, मुकेश राठौर, अशोक साहू आदि शामिल हैं।

## वरिष्ठ गीतकार रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान समारोह संपन्न

### रामकिशोर नाविक को मिला वर्ष 2025 का साहित्य साधक सम्मान

सीहोर (निप्र)। स्थानीय रुकमणी गोविंद गार्डन के सभागार में सोमवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं सृजन साहित्य परिषद सीहोर के बैनर तले गीतकार स्व. रमेश गोहिया की जन्म जयंती पर काव्य समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रेस अध्यक्ष राकेश राय रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पं. शैलेश तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में नवी मुंबई से आये भारतीय रेल विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर राजेश टैगोर, इंजीनियर बाबा पंडित रामचंद्र मिश्रा, विनोद पंसारी अध्यक्ष सृजन साहित्य परिषद, डॉ. विजेंद्र जायसवाल अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्व. गोहिया जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना एवं स्व. रमेश गोहिया की कालजयी रचना माटी का दिया कि सस्वर प्रस्तुति कवि आदित्य हरी गुप्ता ने दी। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर प्रदीप एस. चौहान ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प माला पहना कर हरिश्चंद्र आर्य, सुरेश सोनी, देव ऋषि गोहिया एवं हिमालय गोहिया ने किया।स्वागत भाषण देते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने कहा कि ऐसे साहित्यकारों का सानिध्य पाकर हम गौरांवित हैं और ह्रदय की गहराइयों से सभी अतिथियों एवं सदन में बैठे साहित्य प्रेमियों का स्वागत वंदन अभिनंदन करते हैं।वर्ष 2025 का रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान वरिष्ठ गीतकार रामकिशोर नाविक इटारसी को शाल ,श्रीफल, सम्मान निधि एवं सम्मान पत्र भेंट कर अतिथियों एवं वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, देव ऋषि गोहिया, हिमालय गोहिया द्वारा भेंट किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com